'वैदिक संस्कृति और शिक्षा के लिए चूरू में हो रहा काम महत्त्वपूर्ण'

चूरू,(कासं.)। धर्म संघ विश्वविद्यालय धर्मार्थ न्यास की ओर से बुधवार को जिला मुख्यालय पर झारिया मोरी के पास बनाए गए गुरुकुल विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण एवं मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ।

हिमाचल प्रदेश से आए गुरुवर योगीराज अमर ज्योति के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा है इतिहास इस बात का साक्षी है कि चूरू की धरती सदैव धर्म एवं संस्कृति की रक्षा में अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन पूज्य स्वामी शिवानंद सरस्वती की प्रेरणा और स्मृति शेष भागीरथ प्रसाद मरदा व स्व. रामनारायण टावरी के अतुल्य योगदान से 1972 में स्थापित धर्मसंघ गुरुकुल विद्यालय के माध्यम से वैदिक संस्कृति एवं शिक्षा के पोषण का एक बेहतरीन कार्य यहां होता रहा है। विद्यालय के लिए नए भवन का निर्माण इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। विधायक हरलाल सहारण ने वैदिक संस्कृति एवं शिक्षा के संरक्षण की दिशा में मरदा परिवार के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि चूरू को उसकी धार्मिकता के कारण छोटी काशी कहा जाता है और इस तरह के प्रकल्प इस बात की सार्थकता साबित करते हैं। श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बियाणी ने धर्मसंघ गुरुकुल की स्थापना की पृष्ठभूमि की चर्चा करते हुए कहा कि गुरुकल परम्परा ही सनातन को जिंदा रखेगी। संचालन करते हुए धर्म संघ विश्वविद्यालय धर्मार्थ न्यास के अध्यक्ष रमेश मरदा ने बताया कि ब्रह्मलीन पूज्य स्वामी शिवानंद सरस्वती की प्रेरणा और स्मृति शेष भागीरथ प्रसाद मरदा व स्व. रामनारायण टावरी, स्व. परमेश्वरी देवी टावरी के योगदान से यह धर्मसंघ गुरुकुल स्थापित हुआ जिसका वैदिक शिक्षा में बेहतरीन योगदान रहा है। न्यास के मंत्री अभिषेक टावरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान न्यास के कोषाध्यक्ष जगदीश सराफ, प्राचार्य परमानंद पांडे, ट्रस्टी चंदनमल सारस्वत, एडवोकेट अरविंद शर्मा, प्रियंक ओमप्रकाश मरदा भी मंचस्थ रहे। कार्यक्रम के दौरान उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, भाजपा के जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, प्रदेश महामंत्री डॉ. वासुदेव चावला, हेमसिंह शेखावत, सालासर बालाजी मंदिर के सूर्य प्रकाश पुजारी, एडीपीआर कुमार अजय, अभिभाषक संघ अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, उम्मेद सिंह चौहान, गजेंद्र खत्री, रामचंद्र राजोतिया, आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा, डीएलआर शुभकरण, वरिष्ठ विधि अधिकारी महेंद्र सैनी, सुनील भाऊवाला, दिनेश शर्मा, राजेश माटोलिया, विष्णु शर्मा सहित बड़ी संख्या में वैदिक धर्मानुयायी, जनप्रतिनिधि, वेद विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

धर्म संघ विश्वविद्यालय धर्मार्थ न्यास की ओर से बुधवार को जिला मुख्यालय पर झारिया मोरी के पास बनाए गए गुरुकुल विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण एवं मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ।

- **धर्म संघ विश्वविद्यालय धर्मार्थ न्यास की ओर से गुरुकुल विद्यालय के नए भवन का हुआ लोकार्पण**

भोजन के पैकेट जरूरतमंद में किए वितरित

झुंझुनूं। विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में स्थानीय विप्रजन ने माता दुर्गा के नवरात्र के पावन पर्व के मध्य सातवें दिवस मां कालरात्रि को भोग लगाकर भोजन के पैकेट जरूरतमंद परिवारों में वितरित किए।

ब्राह्मण समाज के प्रदेश मंत्री उमाशंकर महमिया ने बताया कि ब्राह्मण समाज द्वारा पवित्र शारदीय नवरात्र में मां कालरात्रि की पूजा अर्चना कर माता को प्रसाद लगाकर 101 खाने के पैकेट स्थानीय हवाई पट्टी के समक्ष स्थित कच्ची बस्ती में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को वितरण किए गए। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने कहा कि सभी सक्षम व्यक्ति समय समय पर जरूरतमंद परिवारों में भोजन सहित अन्य मूलभूत आवश्यकताओं वाली वस्तुएं वितरित कर पुण्य के भागी बनें। इन परिवारों के मध्य ही भगवान का वास होता है। जरूरतमंद परिवारों की सेवा ही सच्ची ईश्वर की सेवा है। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के संरक्षक शिवचरण पुरोहित, जिला संगठन महामंत्री राम गोपाल महमिया, शिक्षाविद् सुरेंद्र शर्मा, ललित जोशी आदि मौजूद रहे।

ऐतिहासिक होने वाली है कल मुस्लिम महापंचायत

झुंझुनू । मुस्लिम न्याय मंच झुंझुनूं द्वारा आयोजित मुस्लिम महापंचायत 11 अक्टूबर को जिला मुख्यालय स्थित ईदगाह मैदान में दोपहर दो बजे होगी। जिसे लेकर झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय में उत्साह का माहौल है।

यह महापंचायत उप चुनावों को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक होने वाली है। कार्यक्रम के संयोजक इमरान बड़गुजर ने बताया कि कार्यक्रम में झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों के लोग एवं बगड़ नगरपालिका और जिला मुख्यालय के सभी मुस्लिम समुदाय के नगरपालिका चेयरमैन, पूर्व चेयरमैन, सरपंच, पूर्व सरपंच, ब्लॉक मेंबर, पूर्व ब्लॉक मेंबर, पार्षद, पूर्व पार्षद, जिले के जनप्रतिनिधि, जमीयत उलेमा ए हिंद राजस्थान के प्रदेश महासचिव मौलाना वाहिद खत्री, पूर्व जिला कलेक्टर असफाक हुसैन, राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार और उलेमा हजरात भी महापंचायत में शिरकत करेंगे। संयोजक इमरान बड़गुजर ने बताया कि होने वाले झुंझुनूं विधानसभा के उप चुनाव के संदर्भ में मुस्लिम समाज की सभी 30 बिरादरी के लोग एक जाजम पर बैठकर सामाजिक एवं चुनावी मुद्दों पर चर्चा होगी।

न्याय मंच के सहसंयोजक उस्मान खान मालीगांव ने झुंझुनूं विधानसभा के सभी मुस्लिम समाज के लोगों से महापंचायत में आने की अपील की है।

- **झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय में उत्साह का माहौल**

नवरात्रि कार्यक्रम आयोजित

रतनगढ़ ।समाचार जगत ब्यूरो।शारदीय नवरात्रि अवसर पर वार्ड नं 41 स्थित 1008 संतोष दास महाराज की बगीची के पास मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की घट स्थापना व पूजा निरंतर की जाती है। इस अवसर पर वेदिका म्यूजिक ग्रुप एंड पार्टी ने आरती प्रस्तुति की एवं संतोष कुमार, बंटी कुमार मयूरी गवर्नमेंट व पूजा मार्केट व्यापार मंडल द्वारा पूजा अर्चना की गई। दुर्गा पूजा महोत्सव में महाकाली ग्रुप द्वारा मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर नानूराम घुसर, परसाराम, मखनलाल पँवार, रमेश पँवार, अनु पँवार, आनंद पँवार, रतन घुसर, महेंद्र पँवार, अमित घुसर, देवराज पँवार, विजय पँवार, नवरत्न पँवार सहित अनेक लोग उपस्थित थे इसी क्रम में बाल्मीकि बस्ती मे आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल में शशी गौड़ द्वारा सालासर पैदल यात्रियों के लिये चाय, नास्ते ओर दवाइयाँ की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर नागेश महर्षि, रवि चांवरिया, रोहित चांवरिया, नवरत्न चांवरिया ने सेवा दी।

डांडिया महोत्सव में खूब जमा गरबा का रंग

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी । लक्ष्मणगढ़ सेवा परिषद द्वारा मंगलवार को आयोजित डांडिया महोत्सव में खूब जमा गरबा का रंग।

यहां के संस्कार मैरिज गार्डन में परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित डांडिया महोत्सव के मुख्य अतिथि भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व शेखावाटी नागरिक परिषद के अध्यक्ष श्रीकुमार लखोटिया व विशिष्ठ अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष मुस्तफा कुरैशी, विप्र कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य पवन शर्मा , रघुनाथ बालिका विद्यालय की प्राचार्य गायत्री पोरवाल,सचिव ओमप्रकाश जांगिड़ , व्याख्याता मंजू शर्मा, डॉ विमला महरिया, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी मनोज पड़िहार , बगड़िया बाल विद्या निकेतन सचिव पवन गोयनका, बिजेंद्र थालोर, मानव सेतु संस्थान के डॉ रामप्रसाद भड़िया व परिषद संरक्षक रामवतार पंवार थे। देर रात तक चले इस डांडिया महोत्सव में जयपुर की ऑर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा एक से बढ़कर एक डांडिया गीतों की प्रस्तुति दी गई जिस पर उपस्थित मातृ शक्तियां गरबा में सरोबार होकर थिरकती रही। रंग बिरंगे गुजराती परिधान में महिलाओं व लड़कियों में खासा उत्साह नजर आया। डांडिया महोत्सव का सुभारम्भ मां जगदम्बे की 108 दीपक के साथ आरती से की गई। तत्पश्चात रुद्राक्ष ढंड ने शानदार मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ पार्षद रामवतार पंवार के सानिध्य में लक्ष्मणगढ़ सेवा परिषद के अध्यक्ष मनोज शर्मा , सचिव पवन शर्मा निर्मल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित पंवार, प्रदीप पारीक, उप कोषाध्यक्ष निरंजन कुमावत, सह सचिव सुरेश बीवीपुरिया, मिडिया सलाहकार व प्रवक्ता नरेश शर्मा, संरक्षक जयप्रकाश सरावगी, अनिल मिश्रा, विनोद बनाईवाला, दीपक जाजोदिया, अलका शर्मा, सुमन पासोरिया ने आए अतिथियों का दुप्पटा व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की फोटो देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद व कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण सैनी, अजय नाहरिया, नवीन कुमावत, श्वेता जोशी, नीतू ढंड, सुमन पासोरिया, पूजा नारनोलिया, मोनिका जोशी, कुसुम शर्मा, आशा कुमावत , सोनिया सोनी , पूजा शर्मा, मंजू शर्मा सहित मातृशक्ति , बालिकाओं ने अपने गरबा नृत्य के द्वारा मैया को रिझाया। डांडिया महोत्सव में अतिथियों द्वारा दस लक्की ड्रा भी निकाले गए।

छः कक्षा-कक्षों का समारोहपूर्वक हुआ लोकार्पण

रतनगढ़ । महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पंडितपुर में इंदिरा देवी बैद परिवार व भोजराज हीरावत परिवार द्वारा निर्मित कक्षा-कक्षों, कार्यालय कक्ष, बाल वाटिका एवं इंटरेक्टिव बोर्ड का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि के मुख्य आतिथ्य में हुए समारोह में दोनों परिवारों के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा निर्माण पट्ट का अनावरण किया गया। दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुए समारोह में समाजसेवी बुधमल बैद, जोधराज बैद, छतरसिंह हीरावत, कन्हैया लाल श्यामसुखा, चतुर्भुज गोस्वामी, हेमंत बैद, राजीव बैद, महेंद्र हीरावत, युवक संघ अध्यक्ष विनोद चोमाल, ए सी बी ई ओ उमेश जाखड़ आदि मंचस्थ थे। मुख्य अतिथि महर्षि ने कहा कि दोनों परिवारों के द्वारा शिक्षा और अन्य विविध क्षेत्रों में किया जा रहा कार्य प्रेरणादाई व प्रशंसनीय है। चतुर्भुज गोस्वामी ने शाब्दिक स्वागत किया तथा युवक संघ सचिव भीष्म महर्षि ने संघ की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर युवक संघ पंडितपुर द्वारा दोनों परिवारों का अभिनंदन शॉल, साफा, माला व अभिनंदन पत्र भेंटकर किया गया। अभिनंदन पत्रों का वाचन रामावतार शर्मा और भानूप्रकाश इंदौरिया ने किया। भामाशाहों के प्रेरक के रूप में समाजसेवी जुगराज हीरावत व राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कुलदीप व्यास का अभिनंदन किया गया। अमिता बैद द्वारा प्रस्तुत सुमधुर गीतिका " चीर कर कठिनाइयों को, दीप बन हम जगमगाएं" और मंजू हीरावत द्वारा प्रस्तुत " नैतिकता की सुर सरिता में जन जन मन पावन हो , संयम मय जीवन हो " ने वातावरण को सरस बनाया। इस अवसर पर ओंकारमल सांखोलिया, मुरलीधर महर्षि, शिव प्रसाद महर्षि, मुरलीधर हरितवाल, ओमप्रकाश महर्षि, जयकृष्ण नाथोलिया, राजकुमार सारस्वत, अशोक गौड़, घनश्याम महर्षि, सुरेंद्र हरितवाल, मनोज सैनी, अनिल पारीक, शिवभगवान सैनी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

- **बैद और हीरावत परिवार द्वारा निर्मित छ कक्षा-कक्षों का समारोहपूर्वक हुआ लोकार्पण**

वीर सावरकर बस्ती में निकला पथ संचलन

चिड़ावा। राष्ट्रीय स्वयं संघ की ओर से सावरकर बस्ती में पथ संचलन निकाला गया। इसका शुभारंभ एमआरएस प्रणामी स्कूल के पास शाखा स्थान से घोष के साथ कदमताल मिलाते हुए रवाना हुआ।

इसके बाद संचलन बस्ती के मुख्य मार्ग अरड़ावतिया कॉलोनी, जीएसएस गर्ल्स कॉलेज, रामलीला मैदान, तहसील, डीवीएम स्कूल के पीछे, लोहिया स्कूल होते हुए शाखा स्थान पर संपन्न हुआ।इस दौरान अनिल दाधीच, अरविंद दाधीच, सुनिल सिद्धड़, मुख्य शिक्षक विष्णु, गंगाधर शर्मा, अशोक पुजारी, प्रमोद शर्मा, अनुपम शर्मा, रजनीकांत मिश्रा सहित काफी स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

दुर्गा पूजा महोत्सव पर उमड़ी भीड़

बीदासर । शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में कस्बे में मंदिरों व पांडालों में चल रही दुर्गा पूजा महोत्सव परवान पर चल रहा है, तथा आयोजनों में जमकर भीड़ उमड़ रही है। जिससे कस्बे का वातावरण धर्म मय बना हुआ है। नोखा रोड़ स्थित दुर्गा माता मंदिर में मेढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार संघ व नवरात्रि महोत्सव समिति संयुक्त तत्वाधान में होने वाली दुर्गा पूजा 2024 के विशाल धार्मिक आयोजन के तहत मंगलवार की रात्रि में हुई भव्य जोत ज्वाला महाआरती में जन सैलाब उमड़ने से मंदिर प्रांगण के बाहर तक श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। बुधवार को देवी भागवत कथा में कथावाचक पंडित देवकी नंदन व्यास ने विभिन्न प्रसंगों पर कथा का वाचन किया। कथा के शुभारंभ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना मुख्य यजमान रमेश कुमार नारनौली, संघ के अध्यक्ष गणपत राम मोसुण, मंत्री गोविंद, राजकुमार नारनौली, विनोद कुमार नारनौली, भागीरथ मोसुण, महेश टाटिया सहित अनेक श्रद्धालुओं ने की वही कस्बे के वार्ड 6 स्थित श्रीराम चौक के बालाजी मंदिर के पास पांडाल में चल रही दुर्गा पूजा महोत्सव में रात्रि कालीन में होने वाली महाआरती में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। महाआरती में पुरुषों के बजाय महिलाएं बढ़ चढ़ कर भाग ले रही है। महाआरती में पंडित प्रहलाद शर्मा, बबलू शर्मा, सुशील, अभिषेक शर्मा, सहीराम राधेश्याम स्वामी ने भाग लिया।

कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

झुंझुनूं । श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय में आईक्यूएसी के निर्देशन में एनआईआईटी गुड़गांव, प्लेसमेंट एंड कॅरिअर काउंसिल सेल और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद के लिए एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि रिलेशनशिप मैनेजर पद के लिए स्नातक व स्नातकोत्तर में अध्ययनरत लगभग 106 प्रतिभागियों ने गुगल फार्म के माध्यम से आवेदन किए। जिसमें से 83 उपस्थित हुए। प्लेसमेंट एंड कॅरिअर काउंसिल सेल प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि रिलेशनशिप मैनेजर पद के लिए योग्यता मापदंड पूरे करने वाले 44 प्रतिभागियों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें से 10 प्रतिभागियों का नियुक्ति के आगामी चरण के लिए चयन किया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास कुमार ने बताया कि स्क्रीनिंग में सफल होने विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा होगी। एनआईआईटी गुड़गांव कार्यालय के सहायक मैनेजर सुनील कुमार ने बताया कि परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की रिलेशनशिप मैनेजर पद के लिए वांछित योग्यता जांच के लिए दो ऑनलाइन राउंड और होंगे तथा अंत में साक्षात्कार होगा एवं साक्षात्कार में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को आईसीआईसीआई बैंक सहित अन्य प्राइवेट बैंक की विभिन्न शाखाओं में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर नियुक्ति दी जाएगी। कैंपस प्लेसमेंट को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह रहा।

खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में चयन

झुंझुनूं एकेडमी के तीन विद्यार्थियों ने जीते गोल्ड मैडल

झुंझुनू । 31वीं जिला स्तरीय सब जूनियर छात्र-छात्रा ताइक्वांडो चैंपियनशिप में झुंझुनूं एकेडमी के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। जानकारी देते हुए ताइक्वांडो कोच राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि छह अक्टूबर से बगड़ में आयोजित इस चैंपियनशिप में झुंझुनूं एकेडमी के छात्र आकिब करीम ने 23 से 25 किलोग्राम भार में, तनसु धनखड़ ने 27 से 29 किलोग्राम भार वर्ग में तथा नवीन कुमार ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीते हैं। साथ ही इन तीनों छात्रों का चयन 12 से 14 अक्टूबर तक जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर छात्र-छात्रा ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

जो अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। इन होनहार खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से अपने माता-पिता, परिवार, स्कूल एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। स्कूल प्रार्थना सभा में तीनों खिलाड़ियों को मैडल एवं सर्टिफिकेट भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी व गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, हैड मिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा, हैड कोच अमित कुमार तथा प्रशासक कमलेश कुलहरि ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

- **31वीं जिला स्तरीय सब जूनियर छात्र-छात्रा ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

झुंझुनूं एकेडमी के छात्र आकिब करीम , तनसु धनखड़ तथा नवीन कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीते हैं।

गरबा व डांडिया नृत्य का शुभारंभ

बीदासर । दुर्गा माता मंदिर के पास नोहरे में मंगलवार की रात्रि में तीन दिवसीय गरबा व डांडिया नृत्य का शुभारंभ सीताराम, ओमप्रकाश मोसुण, रामेश्वरलाल, नंदलाल तुनगर, जगदीश कड़ेल व राजकुमार मोसुण ने मां भवानी के चित्र के आगे दीप प्रज्जवलीत कर किया। डांडिया व गरबा नृत्य में युवक व युवतियों ने रंग बिरंगी पोशाकों में नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। वही विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में आपणो नवरात्रा डांडिया महोत्सव के चार दिवसीय धार्मिक आयोजन में गरबा व डांडिया नृत्य 108 कन्याओं द्वारा मां दुर्गा की महाआरती व ज्योत से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विहिप की इकाई दुर्गा वाहिनी बीदासर, चाड़वास, सुजानगढ़ व गोपालपुरा की बहिनों व बालिकाओं ने लाठी, दंड व तलवार से शौर्य प्रदर्शन से किया तो पांडाल तालियों की गड़ गड़ाहट व जय राम के नारों से गुंज उठा। जिसमें युवक व युवतियों ने सांस्कृतिक रंग बिरंगी पोशाकों में नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। समारोह में विशिष्ट अतिथि समाजसेवी केशर सिंह चौहान, रामप्रताप केवटिया, मांगीलाल जाखड़, थानाधिकारी कैलाश चंद्र यादव, सुरेंद्र जांगिड़, रामनिवास माली, कमल माली, विहिप के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, तहसील अध्यक्ष संजय कुमार मोदी, जिला मंत्री धनराज सैन सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे। डांडिया नृत्य का संचालन प्रमोद जोशी ने किया।

सार-समाचार

यात्रियों को पिला रहे हैं जूस

रतनगढ़ । सरदारशहर बाईपास रोड़ पर शिवबाड़ी के पास दानदाताओं के सहयोग से प्रतिवर्ष लगने वाला जूस भंडारा इस वर्ष भी संचालित हो रहा है। सालासर बालाजी जूस भंडारे में पैदल यात्रियों को केला, पपीता, तरबूज आदि का ताजा जूस पिलाया जा रहा है। हांडिया बाबा मंदिर महंत गंगानाथ महाराज ने निशुल्क बालाजी जूस भंडारे का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए कहा कि पैदलयात्रियों की सेवा करना बहुत ही पुण्य का काम है। भंडारा संयोजक लादूसिंह शेखावत ने बताया कि 7 दिन लगने वाले इस भंडारे में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए ताजा जूस निशुल्क उपलब्ध करवाया जाता है। इस भंडारे की सभी व्यवस्थाएं शहर के दानदाताओं के सहयोग से की जाती है। इस अवसर पर मानसिंह शेखावत,भागीरथ सिंह, राठौड़, दीपक भूखरेड़िया, पूर्ण मल कम्मा, हनुमान सिंह शेखावत, सांवरमल पारीक, प्रकाश पारीक, विनोद पारीक, परमेश्वर सिंह, ओमप्रकाश भूखरेड़िया, बनवारी पारीक, सुरेश कम्मा, राजकुमार सोनी, कन्हैया लाल पारीक, सम्पत सिंह, प्रदीप प्रजापत, संदीप प्रजापत, दक्ष कम्मा, मयंक भूखरेड़िया आदि सहित अनेक सेवादार भंडारे की व्यवस्था में लगे हुए हैं।

पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

झुंझुनूं।मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए मनाए जा रहे मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता सप्ताह के तहत बुधवार को राजकीय नर्सिंग कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और वरिष्ठ मनोरोग चिकित्सक डॉ. कपूर थालौर ने बताया कि नर्सिंग के स्टूडेंट्स ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाकर मानसिक स्वास्थ्य और उससे जुड़ी समस्याओं को प्रदर्शित किया। डॉ. कपूर थालौर ने बताया कि नर्सिंग स्टूडेंड्स समाज से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए रहते हैं। इसलिए वो ज्यादा लोगों को जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों में गलत दृष्टिकोण भी है। जिसके चलते लोग अपनी समस्या बता नहीं पाते हैं। यहीं इन पोस्टर्स में बतलाया गया है। उन्होंने बताया कि मानसिक रोग भी आम रोगों को तरह है। काउंसलिंग और उपचार से इन्हें ठीक किया जा सकता है। बीडीके अस्पताल में निशुल्क इलाज उपलब्ध हैं। टेलीमानस हेल्प लाइन 18008914416 या 14416 पर कॉल कर निशुल्क परामर्श लिया जा सकता है।

यूथ कैंपेन को आगे बढ़ाने के दिए निर्देश

झुंझुन।जिला स्वास्थ्य मिशन की बैठक जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सभी मुद्दों कार्यक्रमों और समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में सरकार की तम्बाकू फ्री यूथ कैंपेन 2.0 पर चर्चा की गई। जिला प्रमुख कुलहरि ने अधिकारियों को तंबाकू के सेवन की ब्लॉक वाइज तुलनात्मक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए संस्थाओं को तम्बाकू मुक्त बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों का निजी अस्पतालों में सरकार द्वारा किए जा निशुल्क टीकाकरण की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

आवासीय भूमि उपलब्ध करवाने की मांग

पाटन,(निसं)। सोमवार को नगर परिषद आयुक्त, जिला कलेक्टर सहित उप सभापति व नेता प्रतिपक्ष को नीमकाथाना प्रेस क्लब के लिए भूखंड/भवन उपलब्ध करवाने को लेकर अवगत करवाया था। जिसपर नगर परिषद की अंतिम बोर्ड मीटिंग में नेता प्रतिपक्ष महेंद्र गोयल, उप सभापति महेश मेगोतिया ने सदन में प्रेस क्लब कार्यालय व भविष्य में पत्रकार कॉलोनी के लिए रियायती दर पर आवासीय भूमि उपलब्ध करवाने की बात रखी। जिसपर विधायक सुरेश मोदी ने भी सहमति जताते हुए पंचायत समिति के पास बने भूखंड को आवंटित करने की बात कहीं। प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भेजें जायेंगे। सभी बोर्ड सदस्यों ने सर्वसहमति से दोनों मांगों को एजेंडे में शामिल करने का प्रस्ताव दिया। नीमकाथाना पत्रकार समिति के सचिव मनीष टांक ने बताया कि समिति ने सोमवार को ज्ञापन के माध्यम से आयुक्त सभापति, उप सभापति, नेता प्रतिपक्ष को अवगत करवाया गया था। जिसपर बोर्ड में मुद्दा उठाया गया। समिति की तरफ से सभी का आभार जताया।

यात्रियों के लिए भंडारा लगाया

तारानगर,(निसं)। चूरू पुलिस अधीक्षक जय यादव की प्रेरणा से भालेरी थानाधिकारी जगदीश सिंह शेखावत के नेतृत्व मैं तारानगर क्षेत्र भालेरी ग्राम थानान्तर्गत भालेरी पुलिस द्वारा साहवा सड़क पर सालासर पैदल यात्रियों के लिए निशुल्क भण्डारा लगाया गया। एएसआई भंवरलाल, हैड कॉंस्टेबल नागरमल मीणा, सुल्तान पूनियाँ, सरकारी जीप चालक श्रवण कुमार सैनी, कॉंस्टेबल संदीप, अशोक, विक्रम, एफडब्लू भींवाराम आदि ने पूजा अर्चना कर भण्डारे का शुभारंभ किया। थानाधिकारी जगदीश सिंह ने बताया कि भण्डारे मैं पैदल यात्रियों के लिए निशुल्क पानी, चाय, नाश्ता व ठहरने की उत्तम व्यवस्था रखी गयी है जिसमें दूर दराज से आने वाले भक्तजनों को कोई परेशानी न हो। शेखावत ने बताया कि उक्त भण्डारा पूर्णिमा तक सुचारु रूप से चालू रहेगा। उक्त सम्पूर्ण भण्डारे की व्यवस्था करने मैं चालक श्रवण कुमार सैनी का विशेष योगदान रहा।

टीले पर जारी दुर्गा पूजा

झुंझुनूं।स्थानीय चंचलनाथ टीले पर पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज के सानिध्य में चल रही दुर्गा पूजा महोत्सव एवं शत चंडी महायज्ञ जारी है। संत विचारनाथ महाराज ने बताया कि चूरू के आचार्य सुमित व्यास व महेश शर्मा के आचार्यत्व में मुख्य यजमान नीरज जांगिड़ व डिंपल जांगिड़ ने माता कालरात्रि के स्वरूप पूजा अर्चना की। संगीतमय महाआरती में अमरनाथ जांगिड़, अरविंद जांगिड़, दीपक जांगिड़, ताराचंद सैनी, ओमप्रकाश सैनी, विश्वनाथ सैनी, फूलाराम सैनी, दीपक मोदी, महेश टाइपिस्ट, उमाशंकर महमिया आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

माता का आशीर्वाद प्राप्त किया

झुंझुनूं।किसान कॉलोनी में बोला कॉम्प्लेक्स में पंडित मणिशंकर के आचार्यत्व में आयोजित दुर्गा पूजन में भाजपा नेता कमलकांत शर्मा ने सापत्निक पूजा आरती कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। अरुण मित्तल, राजेंद्र मित्तल, गुड्डू मित्तल सहित बड़ी संख्या में मौहल्ले वासी उपस्थित रहे। सुहागन महिलाओं द्वारा माता का चुनरी महोत्सव भी मनाया गया।

नैत्र शिविर का आयोजन

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी । सयुक्त निदेशक (अन्धता) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये राज, जयपुर के आदेशानुसार प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी अक्टुम्बर माह के दुसरे गुरुवार को विश्व दृष्टि दिवस मनाया जाना है।प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ अटल भास्कर ने अवगत करवाया कि जिला चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ में कल दिनांक 10.10.2024 को 25वें विश्व दृष्टि दिवस पर थीम पर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नैत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा आंखों की नि:शुल्क जांच की जाएगी।

रामलीला में सीता हरण का मंचन हुआ

बीदासर । कस्बे के गणगौरी चौक में बीदासर रामलीला कमेटी के तत्वाधान में स्थानीय कलाकारों द्वारा चल रही रामलीला में मंगलवार की रात्रि में सीता हरण, जटायु मरण, राम सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध की लीला का मंचन लीला के निर्देशक अमित कुमार दर्जी व सुरेश चौहान के निर्देशन में हुआ। लीला में राम का अभिनय अमित दर्जी, लक्ष्मण का मानाराम, सीता का राकेश प्रजापत, हनुमान का राकेश शर्मा, रावण का कन्हैया सुथार, शिव का श्याम मोदी ने अभिनय किया। लीला का संचालन फुसराज गौड़ ने किया।

नवरात्रि महोत्सव में भीड़ उमड़ी

झुंझुनू ।देसूसर में चल रहे शारदीय नवरात्रि महोत्सव में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है। पंडित विमल कुमार मिश्रा के सानिध्य में मां शेरावाली की पूजा-अर्चना की जा रही है। नवरात्रि पर्व के छठे दिन सुबह-शाम... जय अंबे गौरी, मैया जय अम्बे गौरी...आरती के बाद श्रद्धालुओं ने मां शेरावाली के जयकारे लगाए। रामगर जी महाराज मंदिर स्थित पांडाल में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

स्कूली बच्चों को बांटी ड्रेस

झुंझुनूं।पटेल नगर स्थित प्रेरक पब्लिक स्कूल में शिक्षाविद सुरेंद्र कुमार शर्मा के आर्थिक सहयोग से जरूरत मं